झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखण्ड)

द्वितीय सावधिक परीक्षा (2021-2022)

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र **सेट- 02**

कक्षा- 11	**विषय- हिंदी (कोर)**	**समय- 1 घंटा 30 मिनट**	**पूर्णांक- 40**

सामान्य निर्देश-:

- **परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा-शैली में उत्तर दें ।**
- **इस प्रश्न-पत्र के तीन खंड हैं । सभी खंड के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **सभी प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने उपांत में अंकित है।**
- **प्रश्नों के उत्तर उसके साथ दिए निर्देशों के आलोक में ही लिखें ।**

खंड - 'क' (अपठित बोध)

01. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 02+02+02=06

नहीं झुका करते जो दुनिया से
करने को समझौता,
ऊँचे से ऊँचे सपनों को
देते रहते जो न्योता,
दूर देखती जिनकी पैनी
आँख भविष्यत् का तम चीर,
मैं हूँ उनके साथ खड़ी
जो सीधी रखते अपनी रीढ़।

(क) व्यक्ति की दृष्टि कैसी होनी चाहिए?

(ख) ऊँचे-से-ऊँचे सपनों को निमंत्रण देने का भाव क्या होता है?

(ग) 'नहीं झुका करते जो दुनिया से' पंक्ति में किसके सामने झुकने की बात की गयी हैं?

अथवा

01. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

गंगा के डेल्टा के समुद्रान्त छोर ने बनाच्छादित एक विस्तृत दलदली क्षेत्र को घेर रखा है, जिसे सुंदरवन कहा जाता है। इस सुंदरवन की दर्दनाक दशा की खबरें आए दिन अखबारों में छपती रहती हैं। अब सुंदरवन भी सुंदर नहीं रह गया। हमारी निर्दयता उसे भारी पड़ रही है। गंगा का केवल पौराणिक

महत्व ही नहीं है, उसे आज के संदर्भ में भी देखना होगा। यही हाल यमुना का भी है। यह गंगा की पहली तथा बड़ी पश्चिमी सहायक नदी है। यह हिमालय पर्वतमाला में कामेत पर्वत के निकट से निकलती है।

दिल्ली पहुँचने तक गंदगी के कारण यही नदी नाले में बदल जाती है। जरा-सा भी ध्यान दिया जाए तो यह स्पष्ट हो जाता है कि सारा भारत आज भी प्रमुख नदियों के समूह में बँटा हुआ है। ये नदियाँ ही भारत की सवा सौ करोड़ जनता को जीवन प्रदान करती है। इसलिए ये माता के समान पूजनीय, वंदनीय तथा संरक्षणीय हैं। पर हम हैं कि माताओं की महिमा तथा श्रम के फल भोगते हैं और उन्हें निराश, दरिद्र तथा दीन बनाने पर उतर आए हैं। अब आप सोचें हम कैसे हैं?

(क) उपर्युक्त गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(ख) नदियाँ माँ के समान पूजनीय और वंदनीय क्यों है?

(ग) हमने नदियों को दरिद्र और दीन कैसे बना दिया?

खंड - 'ख'

(अभिव्यक्ति और माध्यम तथा रचनात्मक लेखन)

02. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 05+05=10

(क) '**वृक्षारोपण**' अथवा '**कोरोना: एक महामारी**' विषय पर एक निबंध लिखिए।

(ख) अपने प्रधानाचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए, जिसमें खेल का सामान उपलब्ध कराने की प्रार्थना की गयी हो।

(ग) अपने क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर किसी दैनिक पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

(घ) पत्रकारिता किसे कहते हैं? पत्रकारिता के प्रकारों को लिखिए।

खंड - 'ग' (पाठ्यपुस्तक)

03. निम्नलिखित में से किसी एक का काव्य-सौंदर्य लिखिए- 05

(क) चंपा काले-काले अच्छर नहीं चीन्हती
मैं जब पढ़ने लगता हूँ वह आ जाती है
खड़ी-खड़ी चुपचाप सुना करती है
उसे बड़ा अचरज होता है:
इन काले चिह्नों से कैसे ये सब स्वर
निकला करते हैं

(ख) खुदा नहीं, न सही, आदमी का ख़्वाब सही,
ये लोग कितने मुनासिब हैं इस सफर के लिए।

04. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 03+03= 06

(क) चंपा ने ऐसा क्यों कहा कि कलकत्ते पर बजर गिरे?

(ख) कवि अपनी गजल में चिराग के माध्यम से क्या संकेत करता है?

(ग) 'आओ मिलकर बचाएँ' में कवयित्री क्या बचाने कि प्रेरणा देती है?

05. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 03+03= 06

(क) भारत माता के प्रति नेहरू जी की क्या अवधारणा थी?

(ख) क्या आप हेडमास्टर को ट्यूशन में सहायता करने का दोषी मानते हैं?क्यों?

(ग) स्पीति के लोग जीवनयापन के लिए किन कठिनाइयों का सामना करते हैं?

06. 'शेखर जोशी' अथवा 'निर्मला पुतुल' की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए। 02

07. 'आलो आँधारि' रचना बेबी की व्यक्तिगत समस्याओं के साथ ही कई सामाजिक मुद्दों को समेटे है। किसी दो समस्याओं पर अपने विचार प्रकट करें। 03

अथवा,

जब लेखिका ने अपनी रचना अपने नाम के साथ पत्रिका में छपी देखी तो उसकी मनःस्थिति कैसी थी?

08. तातुश लेखिका को देखकर प्रसन्न क्यों हो उठते थे? 02

अथवा

लेखिका बेबी हालदार बाहर किसी व्यक्ति से बात क्यूँ नहीं करती है?